No. 24011/01/2026-PP(B-I)
**Government of India**
**Ministry of Personnel, Public Grievances and Pensions**
**(Department of Personnel and Training)**
**Pers. Policy (B.I) Section**
*****

Kartavya Bhavan 3, 31078 (W/H)
New Delhi, Dated the 21st May, 2026

## OFFICE MEMORANDUM

**Subject:- Filling up of the post of Member, Staff Selection Commission, New Delhi (Joint Secretary level) in Level 14 in the pay Matrix of ₹144200-218200 on deputation basis.**

The undersigned is directed to inform that it is proposed to fill up the one post of Member, Staff Selection Commission (SSC) at New Delhi in Level-14 in the Pay Matrix of Rs 144200-218200/-. The eligibility criterion are given at **Annexure-I**.

2. Applications of only such officers will be considered which are routed through proper channel and are accompanied with the following:

(i) bio-data in the proforma at **Annexure-II;**
(ii) *checklist to be verified by Controlling Authority of the applicant* at **Annexure-III**;
(iii) clear photocopies of the up-to-date APAR dossier of the officer containing APARs of at least last five years, duly attested by a Group 'A' officer;
(iv) An attested Statement indicating the grading in the APAR during the last five years;
(v) Cadre clearance;
(vi) clearance from vigilance and disciplinary angle; and
(vii) statement giving details of major or minor penalties, if any, imposed on the officer during the last ten years.

3. All Ministries/Departments and the State Governments/UTs are requested to forward the applications of willing and eligible officers in the prescribed proforma to:- **Section Officer, PP (B-I), Ministry of Personnel, Public Grievances and Pensions (Department of Personnel and Training), Kartavya Bhavan 3, 31078 (W/H), New Delhi-110001, so as to reach this Office, on or before 21 July, 2026 at 5.00 PM.**

4. The applications of only those officers may be forwarded who, in the event of their selection, would immediately join the duties of the post, and whom the concerned authorities would be in a position to relieve immediately. The application once forwarded would not be allowed to be withdrawn. Applications received after the prescribed date or not accompanied with the required certificates/documents will not be entertained.

(Jasmine)
Under Secretary to the Government of India
Tel. No.: 24010633

To

(i) The Secretaries, all the Ministries/Departments of Government of India.
(ii) Chief Secretaries of all State Government/ Union Territories

**ANNEXURE-I**

**Eligibility Criterion for the post of Member, Staff Selection Commission, New Delhi.**

1. **Name of Post:** Member, Staff Selection Commission, New Delhi.
2. **Scale of pay:** in the Level 14 in the Pay Matrix ₹144200-218200/-.
3. **Recruitment method**: by deputation.
4. **Eligibility**: Officers of the Central Government (including Officers of All India Services and Central Group 'A' Services):-

   **(a)** (i) holding analogous post on regular basis in the parent cadre/department; or

   (ii) with five years' service in the grade rendered after appointment thereto on a regular basis in Level-13 in the pay-matrix ₹123100-215900 or equivalent in the parent cadre or Department; and

   **(b)** possessing the following educational qualifications and experience, namely:-

   (i) Post Graduate Degree in any discipline from a recognized University or Institution; and

   (ii) 10 years' experience in dealing with Service, Administrative, Vigilance, Establishment and Financial matters.

5. **Period of Deputation**: The person appointed as Member of Staff Selection Commission shall hold office for a period of five years or till he/she attains the age of 62 years, whichever is earlier. In case where a serving officer is appointed as Member, he shall be on deputation until he attains the age of superannuation and thereafter he may be considered for extension of tenure on re-employment terms subject to upper age limit and tenure as mentioned above.

6. **Age Limit**:- The maximum age limit for appointment by deputation shall not be exceeding 59 years as on the **closing date** (i.e.**21.07.2026**) of the receipt of applications.

**ANNEXURE-II**

**PROFORMA**

1. Name and address (in block letters)

2. Service & Cadre to which belongs/Batch:
   Domicile State:

3. Date of Birth:
   and age (write as __ Year ___ Months as on last date of receipt of applications i.e.21.07.2026)

4 Gender:

5. Date of retirement under Central Government rules:

6. Educational Qualification(s):

7. Whether belongs to SC/ST/Minority:

8. Please indicate the following particulars of the present post held:-

   (a) Present post held with date:
   (b) Whether regular/ad-hoc:
   (c) Scale of Pay:
   (d) Present basic Pay:
   (e) whether appointed under Central Staffing Scheme:

9. Please specify how you meet the prescribed qualifications:-
   (i) Whether you are holding analogous post on a regular basis in the parent cadre / department (Please specify Yes or No; details to be indicated in the table under point (iv) below):
   (ii) Whether you possess five years' service in the grade rendered after appointment on a regular basis in Level 13 of the pay-matrix (₹ 123100-215900) or equivalent in the parent cadre or department (please specify Yes or No; details to be indicated in the table under point (iv) below) :
   (iii) Whether you possess Post Graduate Degree from a recognised University or Institution, please specify:
   (iv) Details of positions held in the last 10 years may be indicated in the table below (starting with the current position):

| Sl. No | Name of office/ organization where employed | Post held | From | To | Pay scale |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| | | | | | |
| | | | | | |

(i) The details of experience in the last 10 years in dealing with Service, Administration, Vigilance, Establishment and Financial matters should be furnished as per table under:

| Field of experience in the last 10 years | Nature of duties | Period of Experience | Organization in which the relevant experience was gained |
|---|---|---|---|
| (a) Administration:<br>(b) Vigilance:<br>(c) Establishment:<br>(d) Financial Matters: | | | |

10. Additional information, if any, which you like to mention in support of your application for the post.

(Signature of the candidate)
Telephone No (STD code)/Mobile No:
e-mail id:

Office Address with office Telephone Number:

Residential Address:
Date:

**ANNEXURE-III**

## CHECK LIST

(i) Certified that the particulars furnished by the applicant have been checked from available records and found correct.

(ii) Certified that no disciplinary proceeding/vigilance case is either pending or contemplated against the officer.

(iii) List of punishments awarded, if any, during the last 10 years attached.

(iv) Integrity is certified.

(v) Attested photocopies of up-to-date APAR dossier of the officer for the last five years, duly attested, attached.

(vi) Attested statement indicating gradings in the APAR during the last five years.

| **APAR GRADING PROFORMA** | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| **Name of the officer** | **2020-21** | **2021-22** | **2022-23** | **2023-24** | **2024-25** |
| | | | | | |

(vii) Certified that in the event of selection, the officer will be relieved of his duties immediately.

Signature............

Name and designation of the
e-mail id:

Forwarding officer with seal and Telephone
Number (STD code) and
Mobile Number:

सं. 24011/01/2026-पीपी (बी-I)
भारत सरकार
कार्मिक, लोक शिकायत तथा पेंशन मंत्रालय
(कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग)
कार्मिक नीति (बी.I) अनुभाग
*****

कर्तव्य भवन 3, 31078 (वर्क हॉल)
नई दिल्ली, दिनांकः 21 मई 2026

## कार्यालय ज्ञापन

विषय:–प्रतिनियुक्ति के आधार पर वेतन मैट्रिक्स के स्तर -14 में सदस्य, कर्मचारी चयन आयोग, नई दिल्ली (संयुक्त सचिव स्तर) के 01 पद को भरने के संबंध में।

अधोहस्ताक्षरी को यह सूचित करने का निर्देश हुआ है कि नई दिल्ली स्थित कर्मचारी चयन आयोग (एसएससी) में सदस्य के एक पद को वेतन मैट्रिक्स (144200 - 218200/- रुपये) के स्तर-14 में भरा जाना प्रस्तावित है। पात्रता मानदंड संलग्नक-I में दिए गए है।

2. केवल ऐसे अधिकारियों के आवेदनों पर विचार किया जाएगा, जिन्हें उचित माध्यम के जरिए भेजा जाता है और आवेदन के साथ निम्नलिखित संलग्न हो : -

i. संलग्नक-II के अनुसार प्रपत्र में बायो-डेटा;
ii. संलग्नक-III के अनुसार आवेदकों के नियंत्रण प्राधिकारी द्वारा सत्यापित की जाने वाली जांच सूची (चेकलिस्ट);
iii. अधिकारी के अद्यतित डोजियर की साफ फोटो कॉपियां, जिसमें किसी समूह 'क' अधिकारी द्वारा सत्यापित कम से कम पिछले पांच वर्षों की वार्षिक कार्य-मूल्यांकन रिपोर्ट संलग्न हो;
iv. पिछले पांच वर्षों के दौरान अधिकारी की वार्षिक कार्य-मूल्यांकन रिपोर्ट (एपीएआर) की श्रेणीकरण (ग्रेडिंग) को दर्शाने करने वाला एक सत्यापित विवरण;
v. संवर्ग निकासी;
vi. सतर्कता और अनुशासनात्मक दृष्टिकोण से निकासी; तथा
vii. पिछले दस वर्षों के दौरान अधिकारी पर लगाई गई बड़ी या छोटी शास्तियों, यदि कोई हो, का ब्यौरा देने वाला विवरण।

3. सभी मंत्रालयों/विभागों और राज्य सरकारों /संघ राज्य क्षेत्रों से अनुरोध है कि वे इच्छुक और पात्र अधिकारियों के आवेदनों को निर्धारित प्रपत्र में अनुभाग अधिकारी, कार्मिक नीति (बी-I) अनुभाग, कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग, कार्मिक, लोक शिकायत तथा पेंशन मंत्रालय, कर्तव्य भवन-3, 31078 (वर्क हॉल), जनपथ, नई दिल्ली-110001, को अग्रेषित करें, ताकि यह 21 जुलाई, 2026 को शाम 5:00 बजे तक या इससे पूर्व तक इस कार्यालय में पहुंच जाए।

4. केवल उन्हीं अधिकारियों के आवेदन अग्रेषित किए जाएं, जो उनके चयन की स्थिति में पद के कर्तव्यों हेतु तत्काल कार्यभार ग्रहण करें और जिन्हें संबंधित अधिकारी तुरंत कार्यमुक्त करने की स्थिति में हो। एक बार अग्रेषित किए गए आवेदनों को वापस लेने की अनुमति नहीं होगी। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त होने वाले या आवश्यक प्रमाण-पत्रों/दस्तावेजों रहित आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा।

संलग्नक : यथोपरि

जास्मीन
(जास्मीन)
अवर सचिव, भारत सरकार
दूरभाष संख्या: 24010633

सेवा में
(i) सचिव, भारत सरकार के सभी मंत्रालय/विभाग
(ii) मुख्य सचिव/प्रशासक, सभी राज्य सरकार/संघ राज्य क्षेत्र

सदस्य, कर्मचारी चयन आयोग, नई दिल्ली के पद के लिए पात्रता मानदंड

1. पद का नाम: सदस्य, कर्मचारी चयन आयोग, नई दिल्ली

2. वेतनमान: वेतन मैट्रिक्स का स्तर -14 (₹144200 – 218200/-)

3. भर्ती पद्धति: प्रतिनियुक्ति द्वारा

4. पात्रता: केंद्र सरकार के अधिकारी (अखिल भारतीय सेवाओं और केंद्रीय समूह 'क' सेवाओं के अधिकारियों सहित)–

(क) (i) जो मूल संवर्ग/ विभाग में नियमित आधार पर सदृश पद धारण किए हुए हों; अथवा

(ii) जिन्होंने मूल संवर्ग अथवा विभाग में वेतन-मैट्रिक्स (₹ 123100 – 215900) के स्तर-13 या समकक्ष स्तर में नियुक्ति के बाद नियमित आधार पर उस ग्रेड में पांच वर्ष की सेवा प्रदान की हो; और

(ख) जिनके पास निम्नलिखित शैक्षिक अर्हताएं और अनुभव हो, अर्थात्:-

(i) किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय या संस्थान से किसी भी विषय में स्नातकोत्तर डिग्री; तथा

(ii) सेवा, प्रशासनिक, सतर्कता, स्थापना और वित्तीय मामलों के संबंध में 10 साल का अनुभव।

5. प्रतिनियुक्ति की अवधि: सदस्य, कर्मचारी चयन आयोग के रूप में नियुक्त होने वाला व्यक्ति, पांच वर्ष की अवधि के लिए या 62 वर्ष की आयु प्राप्त होने तक, जो भी पहले हो, पद धारित करेगा। यदि किसी सेवारत अधिकारी को कर्मचारी चयन आयोग के सदस्य के रूप में नियुक्त किया जाता है, तो वह तब तक प्रतिनियुक्ति पर रहेगा जब तक कि वह अधिवार्षिता की आयु प्राप्त नहीं कर लेता, और तत्पश्चात, ऊपर उल्लिखित ऊपरी आयु सीमा और कार्यकाल के अध्यधीन पुनर्नियोजन की शर्तों पर उसके कार्यकाल के विस्तार पर विचार किया जा सकता है।

6. आयु सीमा: प्रतिनियुक्ति द्वारा नियुक्ति के लिए अधिकतम आयु सीमा आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि अर्थात 21.07.2026) को 59 वर्ष से अधिक नहीं होगी।

<u>संलग्नक - II</u>

प्रपत्र

1. नाम और पता (साफ अक्षरों में)

2. सेवा और बैच:
   संवर्ग (यदि लागू हो):
   अधिवास राज्य:

3. जन्म तिथि:
   आयु, आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि
   अर्थात् 21.07.2026 की स्थिति के अनुसार ( ___वर्ष ___ माह)
4. लिंग:
5. केंद्र सरकार के नियमों के अनुसार सेवानिवृत्ति की तिथि:
6. शैक्षिक अर्हता(एं):
7. क्या अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अल्पसंख्यक वर्ग से संबंधित है:
8. कृपया वर्तमान में धारित पद के संबंध में निम्नलिखित विवरण प्रदान करें: -

   (क) वर्तमान धारित पद का नाम, और किस तिथि से धारित है:
   (ख) क्या नियमित/तदर्थ है:
   (ग) वेतनमान:
   (घ) वर्तमान मूल वेतन:
   (ङ) क्या केंद्रीय स्टाफिंग योजना के तहत नियुक्त किया गया है:

9. कृपया निर्दिष्ट करें कि आप निर्धारित अर्हताओं को किस प्रकार पूरा करते/करती हैं: -

(i) क्या आप मूल संवर्ग/विभाग में नियमित आधार पर सदृश पद धारण किए हुए हैं (कृपया हां या नहीं निर्दिष्ट करें; नीचे बिंदु (iv) के अंतर्गत दर्शाई गई तालिका में विवरण प्रदान करें):

(ii) क्या आपने मूल संवर्ग या विभाग में वेतन-मैट्रिक्स के स्तर 13 (123100-215900) या समकक्ष स्तर में नियमित आधार पर नियुक्ति के बाद उस ग्रेड में पांच वर्ष की सेवा की है (कृपया हां या नहीं निर्दिष्ट करें; नीचे बिंदु (iv) के अंतर्गत दर्शाई गई तालिका में विवरण प्रदान करें):

(iii) क्या आपके पास किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय या संस्थान से स्नातकोत्तर डिग्री है, कृपया निर्दिष्ट करें:

(iv) पिछले 10 वर्षों में धारित पदों का विवरण नीचे दी गई तालिका में प्रदान किया जाए (वर्तमान पद से शुरू करते हुए):

(v)

| क्र.सं. | कार्यालय/विभाग/संगठन का नाम | धारित पद | से | तक | वेतन मान |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |
| | | | | | |

(vi) सेवा, प्रशासन, सतर्कता, स्थापना और वित्तीय मामले संबंधी कार्य करने में पिछले 10 वर्षों के अनुभव का विवरण, नीचे दी गई तालिका के अनुसार प्रदान करें:

| पिछले 10 वर्षों में क्षेत्र संबंधी अनुभव | कर्तव्यों की प्रकृति | अनुभव की अवधि | संगठन, जिसमें प्रासंगिक अनुभव प्राप्त किया गया |
|---|---|---|---|
| (क) प्रशासन:<br>(ख) सतर्कता:<br>(ग) स्थापना:<br>(घ) वित्तीय मामले: | | | |
| | | | |

10. ऐसी कोई अतिरिक्त जानकारी, यदि कोई हो, जिसे आप इस पद के संबंध में अपने आवेदन के समर्थन में उल्लेख करना चाहती/चाहते हैं।

(अभ्यर्थी के हस्ताक्षर)
नाम:
दूरभाष सं. (एसटीडी कोड सहित)
मोबाइल सं:
ई-मेल आईडी:

कार्यालय का पता, कार्यालय दूरभाष संख्या सहित:

आवासीय पता:

दिनांक:

## जांच-सूची

i. प्रमाणित किया जाता है कि आवेदक द्वारा दिए गए विवरणों की उपलब्ध अभिलेखों से जांच की गई है और इन्हें सही पाया गया है।

ii. प्रमाणित किया जाता है कि अधिकारी के विरूद्ध कोई अनुशासनात्मक कार्यवाही/सतर्कता मामला लंबित नहीं है या चलाए जाने का प्रस्ताव नहीं है।

iii. पिछले 10 वर्षों के दौरान दी गई शास्तियों की सूची, (यदि कोई हो), संलग्न है।

iv. अधिकारी की सत्यनिष्ठा प्रमाणित है।

v. अधिकारी की पिछले पांच वर्षों के विधिवत सत्यापित अद्यतित एपीएआर डोजियर की सत्यापित फोटोकॉपी संलग्न है।

vi. पिछले पांच वर्षों के दौरान अधिकारी की एपीएआर ग्रेडिंग को दर्शाने वाला सत्यापित विवरण नीचे दिया गया है:

| एपीएआर ग्रेडिंग | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| अधिकारी का नाम | 2020-21 | 2021-22 | 2022-23 | 2023-24 | 2024-25 |
| | | | | | |

vii. प्रमाणित किया जाता है कि चयन होने की स्थिति में, अधिकारी को उसके कर्तव्यों से तत्काल कार्यमुक्त कर दिया जाएगा।

हस्ताक्षर....................................

अग्रेषण अधिकारी का नाम और पदनाम तथा मुहर

टेलीफोन नंबर (एसटीडी कोड सहित):

मोबाइल नंबर:

ई-मेल आईडी: